## सार समाचार

### जुगलान के सरकारी स्कूल में वैक्सीनेशन शिविर एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



# हर घर तिरंगा अभियान के लिए गुजवि कटिबद्ध : प्रो. काम्बोज

**पांच बजे न्यूज**

**हिसार।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आहूत 'हर घर तिरंगा' अभियान में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने जा रहा है। आजादी की 75वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारी और विद्यार्थी 13 से 15 अगस्त 2022 के दौरान अपने अपने घरों पर तिरंगा ध्वज विद्यार्थियों में उत्साह है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जहां विश्वविद्यालय के लगभग 40 कार्यालयीन भवनों पर तिरंगा ध्वज फहराया जाएगा, वहीं विश्वविद्यालय परिसर में रहने वाले लगभग 300 शिक्षकों व कर्मचारियों द्वारा भी अपने घरों पर ध्वजारोहण करके परिवार सहित राष्ट्रगान किया जायेगा। साथ ही गौरवमयी स्मृति के रूप में तिरंगे ध्वज के साथ कि 09 अगस्त 2022 को विश्वविद्यालय के सभागार में एक संकल्प कार्यक्रम के जरिये विश्वविद्यालय के कर्मचारी इस अभियान की सफलता का संकल्प भी लेंगे। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के युवा कल्याण विभाग व अन्य शैक्षणिक विभागों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की अधिकाधिक जागरूकता की दृष्टि से चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली

## हरियाणा वासी जयकरण शर्मा की स्मृति में डाक टिकट जारी होना गर्व की बात : जनरल डीपी वत्स

**हिसार।** केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री जी.किशन रेड्डी ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में चेतक ग्रुप के संस्थापक स्व. जयकरण शर्मा की असाधारण उपलब्धियों को सम्मान देने के लिये मरणोपरांत उनके नाम से द लॉजिस्टिक मैन ऑफ इंडिया का नाम देकर डाक टिकट जारी की है। इस अवसर पर पोस्ट मास्टर जनरल अशोक कुमार, चेतक ग्रुप की चेयरपर्सन कृष्णा शर्मा, उनके पुत्र मुकेश हरितस, राजेश व सचिन हरितस, भाई रामफल शर्मा, भाभी संतोष देवी, पुत्री भावना, समधि एम.पी.शर्मा (सीएमडी अनिल कार्गो प्रा. लि.), राजबाला शर्मा (धर्मपत्नि रामबिलास शर्मा), प्रमिला शर्मा (धर्मपत्नि विनोद मुद्गल) सहित अनेक सगे सम्बंधियों के अलावा देश-विदेश के कई गणमान्य नागरिक व ट्रांसपोर्ट जगत की कई हस्तियां उपस्थित रही। यह जानकारी देते हुए भगवान परशुराम जन सेवा समिति के संस्थापक योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि समिति के सरपरस्त एम.पी.शर्मा (सीएमडी अनिल कार्गो प्रा. लि.) के समधी स्व. जयकरण के नाम पर डाक टिकट जारी होना समाज के लिये गौरव की बात है। समिति के मुख्य संरक्षक व राज्यसभा सांसद जनरल डी.पी.वत्स ने अपने वक्तव्य में शर्मा परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने स्व. जयकरण शर्मा को पूरा सम्मान दिया है। यह देश के लिये गर्व की बात है। दिल्ली में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय पर्यटन मंत्री और संस्कृति मंत्री जी.किशन रेड्डी ने कहा कि हरियाणा के भिवानी जिले के छोटे से गांव झींझर में किसान परिवार में जन्मे जयकरण शर्मा ने बिना पूंजी के लॉजिस्टिक का देश में बड़ा साम्राज्य खड़ा कर दिया। आज देश-विदेश में चेतक समूह की 60 शाखाएं हैं जिनमें हजारों लोगों को रोजगार मिला हुआ है। अब उनके पुत्र भी पिता द्वारा दिखाये मार्ग पर चल रहे हैं।